# SARVASIKSHA ABHIYAN NELLORE

**QUARTERLY EXAMS SEP 2019-20**

**Second Language – HINDI**

**PART A & B**

**CLASS : IX** **( MAX.MARKS :80 )** **TIME:-2.45 Mts**

**सूचनाएँ :- 1. प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।**

**2. भाग " A " के प्रश्नों के उत्तर ,उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।**

**3. भाग " A " के लिए समय 2 घण्टे निर्धारित है ।**

**I.प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

**प्रत्येक भाग ( 1 , 2 , 3 , 4 ) के लिए पाँच पाँच अंक निर्धारित है ।**

**1) निम्न लिखित गद्यांश पढकर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए ।** 5×1=5

सितंबर 2009 में संयुक्क्त राष्ट्रसंघ में युगरत्ना श्री वास्तव ने भाषण देते हुए इस तरह कहा "हिमालय पिगलता जा रहा है । धृवीय भालू मरते जा रहे हैं । हर पाँच में से दो व्यक्तियों को पीने का पानी साफ़ नहीं मिलता है। आज हम उन पेड पौधों को खोने के कगार पर हैं ,जो लुप्त होते जा रहे है प्रशांत महासागर के पानी का स्तर बढता ही जा रहा है । क्या हम अपने भविष्य की पीढी को यही देने जा रहे हैं ? बिलकुल नहीं हमारे पूर्वजों ने हमें स्वच्छ और स्वस्थ ग्रह दिया था और हम क्या कर रहे हैं हम अपने भविष्य की पीढी को प्रदूषित और बिगडी हुई धरती देने जा रहे हैं। "

प्रश्न :- 1) श्रीवास्तव ने कहाँ पर भाषण दिया है ?

2) हमारे पूर्वजों ने हमें कैसा ग्रह दिया था ?

3) हिमालय क्या हो रहा है ?

4) हम भविष्य की पीढी को कैसी धरती देने जा रहे हैं ?

5) यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

**2) नीचे दिये गये गद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर चुनकर कोष्ठक में लिखिए ।** 5×1=5

**बच्चे भविष्य के निर्माता हैं । वे सुयोग्य नागरिक बनने के बदले अनेक बुरे कृत्यों के शिकार बन जाते हैं । उनके भविष्य के लिए माता -पिता धन जुटाने में व्यस्त रहते हैं । लेकिन उस प्रयत्न में बच्चों के प्यार से दूर हटते जाते हैं । उनकी मनोकामनाएँ व्यर्थ हो जाती हैं । बच्चे अपने माता - पिता के प्रेम के भूखे रहते हैं ।**

**प्रश्नः-**

**) भविष्य के निर्माता कौन हैं ?**

A) **धन** B)**माता** C)**पिता** D)**बच्चे** ( )

**2) बच्चे किनके शिकार बन जाते हैं ?**

A)**दूर** B)**प्यार** C)**बुरे कृत्य** D)**अच्छे कृत्य** ( )

**3) माता - पिता क्या जुटाने में व्यस्त रहते हैं ?**

A) **धन** B)**कपडे** C)**रोटी** D)**किताब** ( )

**4) मनोकामनाएँ ...शब्द का एक वचन रूप क्या है ?**

A)**मनोकाम** B)**मनोकामना** C)**मनो कामने** D) **मनोकामें** ( )

**5) बच्चे किनके प्रेम के भूखे रहते हैं ?**

A)**माता** B)**पिता** C)**माता - पिता** D)**दादी** ( )

3) नीचे दिये गये पद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर कोष्ठक में लिखिए । 5×1=5

समझ रहे हो क्या कहती है ,उठ उठ गिर गिर तरल तरंग ।
भर लो भर लो अपने दिल में, मीठे मीठे मृदुल उमंग ।।
पृथ्वी कहती ,धैर्य न छोडो , कितना ही हो सिर पर भार ।
नभ कहता है, फैलो इतना ,ढक लो तुम सारा संसार ।।

प्रश्नः- 1) उठ उठ कर गिरने वाला क्या है ?

2) पृथ्वी हमसे क्या कहती है ?

3) नभ हमें क्या कहता है ?

4) धैर्य ...शब्द का तद्‌भव रूप क्या है ?

5) इस कविता के कवि कौन है ?

4) नीचे दिये गये पद्‌यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर कोष्ठक में लिखिए । 5×1=5

**माँ धरती का सौरभ, इस जगती की गौरव-गाथा,**
**माँ जिसके आगे झुक जाये, देवों तक का माथा ।**
**त्याग और तप की मूरत माँ इस पर बलि-बलि जाओ,**
**नित उठ चरण पखारो माँ के, नित इसके गुण गाओ ।**

प्रश्नः-

1) **धरती का सौरभ कौन है ?**
A) **बाप** B)**माँ** C)**भूमि** D)**नदी** ( )

2) **माता का पर्यायवाची शब्द क्या है ?**
A) **जननी,** B)**सिर** C)**माथा** D)**वैर** ( )

3) **किनके सिर भी माँ के सामने झुक जाते हैं ?**
A) **नर** B)**देवता** C)**माता** D)**गीता** ( )

4) **माँ किसकी गौरव-गाथा है ?**
A) **धरती की** B)**मूर्ती की** C)**सौरभ की** D)**जगती की** ( )

5) **माँ किन-किन की मूरत है ?**
A)**त्याग और तप** B)**बलि-बलि** C)**देवों का माथा** D) **धरती और सौरभ** ( )

**II.** निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए । 6×3=18

5) मतलब के लिए अंधे होना ...इसका भाव क्या है ?

6) कष्टों से बचने केलिए आप क्या करेंगे ?

7) अपनी हार से हमें क्या सीखना चाहिए ।

8)श्री वास्तव ने सभाजनों से क्या निवेदन किया ?

9) बच्चों के जीवन में पाठशाला की क्या भूमिका होनी चाहिए ?

10) बच्चों के प्रति निकुंभ सर के विचार क्या है?

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर 8 पंक्तियों में लिखिए ।** 1×6=6

11) सोहनलाल द्विवेदी जी ने प्रकृति के माध्यम से हमें क्या समझाना चाहते हैं ?

12) जिस देश में गंगा बहती है गीत के माध्यम से हमें क्या संदेश मिलता है ?

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर 8 पंक्तियों में लिखिए ।** 1×6=6

13) पं.जवहरलाल नेहुरू एक आदर्श पिता थे ।..इस पर समीक्षा लिखिए ।

14) गानेवाली चिडिया कहानी पाठ से हमें क्या संदेश मिलता है ? कहानी के माध्यम से लिखिए।

**V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** 1×5=5

15)अपनी पढाई के बारे में वर्णन करते हुए माता के नाम पर पत्र लिखिए ।

16)बाढ पीडितों की सहाय - विभाग में भाग लेने केलिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पर पत्र लिखिए।

**VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए ।** 1×5=5

17) श्रम का महत्व समझाते हुए दस पंक्तियों में निबंध लिखिए ।

18) अपने मन पसंद खेल के बारे में निबंध लिखिए ।

Regd.No [ ] Marks: [ ]

# SARVASIKSHA ABHIYAN NELLORE

**QUARTERLY EXAMS SEP 2019-20 (Second Language – Hindi)**

**PART B**

**CLASS : IX** **( MAX.MARKS :20 )** **TIME:-2.45 Mts**

Name of the Student :…………………………………… Roll.No………………………..

| दक्षता | अर्थग्राह्यता प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कुल अंक | 20 | 40 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | |

**सूचना** :- 1. भाग **B** के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्रिका में ही लिखिए ।
2. भाग **B** केलिए ,(1/2 ) आधे घंटा का समय निर्धारित है ।

**विशेष सूचनाएँ** :- 1.सभी प्रश्नों के अंक समान है ।
2.1 से 20 तक उचित उत्तर का कैपिटल अक्षर सामने दिये गये कोष्टक में लिखिए ।
3.काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिया जायेगा ।

1.चिडिया ने राजा को संगीत सुनाया । रेखांकित शब्द का पर्यायवाची यह है। ( )
A) यात्री B) पक्षी C) लडकी D) सैनिक

2. मेरा घर स्कूल के पास है । रेखांकित शब्द का विलोम शब्द…. ( )
A) नजदीक B) बीच C) दूर D) ऊपर

3.वह सत्य बोलता है रेखांकित शब्द का तद्‍भव रूप क्या है… ( )
A) साच B) सोच C) सतत D) सच

4. युगरत्ना विदेश गयी है । रेखांकित शब्द का उपसर्ग क्या है ? ( )
A) वि B) श C) दे D) देश

5.ईशान प्रतिभाशाली लडका है । रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है? ( )
A) ली B) शाली C) ई D) शाल

6. गद्‍यांश में व्याकरणांश होते हैं । रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद करो । ( )
A)गद् + अंश B) गद्य + अंश C) गद्या + अंश D) गद्यां + श

7.माता - पिता …… कौन-सा समास है ? ( )
A)तत्पुरुष समास B) कर्मधाराया समास
C) द्वन्द्व समास D) अव्ययी भाव समास

8.शैलेंद्र की मृत्यु 1966 में हुई । अक्षरों में ….? ( )
A) उन्नीस सौ छियसठ B) उन्नीस सौ साठ
C) उन्नीस सौ छहसठ D) उन्नीस सौ अडसठ

9. इंदिरा उनकी इकलौती बेटी थी । इसमें संज्ञा शब्द क्या है ?. ( )
A) इंदिरा B) उनकी C) इकलौती D) थी

**10.हम ज्ञान को महत्व देते हैं । इसमें सर्वनाम शब्द क्या है ?** ( )

A) ज्ञान B) हम C) देते D) को

**11 चिडिया बहुत सुंदर गाती है । इसमें विशेषण शब्द क्या है ?** ( )

A) चिडिया B) बहुत C) है D) गाती

**12.अध्यापक रोज पाठशाला जाते हैं । इसमें क्रिया शब्द क्या है ?** ( )

A) रोज B) पाठशाला C) अध्यापक D) जाते

**13.घोडा तेज चलता है । इसमें क्रिया विशेषण शब्द क्या है ?** ( )

A) घोडा B) तेज C) चलता D) है

**14.राजा बडी सोच में पड गया । स्त्री लिंग रूप वाक्य पहचानिए ।** ( )

A) रानी बडी सोच में पडी गया B)रानी बडी सोच में पडी गये

C) रानी बडी सोच में पडी गयी D) रानी बडी सोच में पडा गया

**15.छात्र हिंदी में भाषण दे रहा है । इसका बहुवचन रूप क्या है ?** ( )

A) छात्र हिंदी में भाषण दे रहे हैं । B) छात्रों हिंदी में भाषण दे रहे हैं ।

C) छात्रे हिंदी में भाषण दे रही हैं । D) छात्रे हिंदी में भाषण दे रहे हैं ।

**16.यह टीम ......खेल है । ( उचित कारक चिह्न से भरिए । )** ( )

A) का B) के C) से D) ने

**17.शुद्ध रूप पहचानिए ।** ( )

A) तुम अपना किताब पढो । B) तुम अपनी किताब पढो ।

C) तुम अपनी किताब पढिए । D) तुम अपना किताब पढिए ।

**18.सही क्रम वाला वाक्या पहचानिए ।** ( )

A) खेलना हमें चाहिए फुटबाल । B) फुटबाल हमें चाहिए खेलना ।

C) हमें फुटबाल खेलना चाहिए । D) चाहिए फुटबाल खेलना हमें ।

**19.पुरानी बोतों को भुलाकर नये कदम उठायेगा ( काल पहचानिए । )** ( )

A) वर्तमान काल B) भूतकाल C) भविष्यत काल D) सामान्य वर्तमान काल

**20.जान से प्यारा होना ...इस मुहावरा का अर्थ क्या है ?** ( )

A) कष्ट होना B) अत्यंत प्रिय होना

C) छोड जाना D) भाग जाना